**Title: Need to expedite exploration of oil and gas reserves in Barmer, Jaisalmer and Jalore districts in Rajasthan.**

**कर्नल (सेवानिवृत्त) सोना राम चौधरी (बाड़मेर) :** सभापति महोदय, राजस्थान के कुल रेगिस्तान का 50 प्रतिशत भाग मेरे संसदीय क्षेत्र बाड़मेर और जैसलमेर में पड़ता है। यद्यपि यह भाग जिप्सम, ग्रेनाइट, स्टील ग्रेड लाइम, संगमरमर, तेल व गैस बाहुल्य है, लेकिन फिर भी यह क्षेत्र पिछड़ा, भुखमरी से ग्रस्त और नौकरियों के साधनों के अभावों से ग्रस्त है।

49 साल बाद तेल कम्पनियों को यहां तेल व गैस के भंडार मिले हैं। जैसा कि माननीय तेल व गैस मंत्री ने 04.02.2003 को सूचित किया, स्कौटिस की खोजी फर्म कैरन एनर्जी ने 20 मिलियन टन तेल व गैस के भंडार गुड़ामलानी जिला बाड़मेर में खोजा है। इससे पहले सरस्वती खोज ने 14 मिलियन टन तेल व गैस के भंडार का पता किया था। मैं यहां खास तौर पर बताना चाहता हूं कि तेल व गैस के अतिरिक्त कुंए जैसलमेर जिले और जालौर जिले के सांचौर क्षेत्र में मिले हैं। इनकी खोज को प्राथमिकता दी जाये। जो कुंए भारत-पाक में तनाव होने पर बंद हो गये थे, उन्हें शीघ्र खोला जाये।

अतः मैं माननीय प्रधानमंत्री से प्रार्थना करूंगा कि-

क. बाड़मेर-जेसलमेर और जालौर जिले के सारे ब्लाक्स विदेशी कंपनियों को सर्वे के लिए दिये जायें।

ख. जहां गैस व तेल मिला है, वहां काफी धन उसे उत्पादन के लिए आबंटित किया जाये.

ग. तेल का स्थानीय परीक्षण और शोध करने के लिए बाड़मेर और जैसलमेर जिले में प्राथमिकता के तौर पर तेलशोधक कारखाने लगाये जायें।